RAF SECTOR

NEWS CLIP

27/06/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat Khabar (Jamshedpur,JKD)

नशा विरोध दिवस पर निकली रैली

नरवा. 106 बीएन द्रुत कार्यबल (रैफ) सुंदरनगर जमशेदपुर द्वारा नशा विरोधी दिवस मनाया गया. द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार के नेतृत्व में सीआरपीएफ कैंप परिसर से सुंदरनगर चौक तक जागरुकता रैली निकाली गयी. रैली में द्रुत कार्यबल के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी तथा जवान सामूहिक रूप से शामिल थे. जवानों द्वारा जागरुकता रैली के दौरान नशे से होने वाले नुकसान और नशा नहीं करने हेतु प्रेरित किया गया. लोगों को नशे से सावधान रहने के उपाय बताये गये.

Dainik Jagran (Jamshedpur,JKD)



सुंदरनगर में निकाली गई जागरुकता रैली में शामिल रैफ के जवान ● जागरण

सुंदरनगर में निकाली गई जागरूकता रैली

जासं, जमशेदपुर : अंतरराष्ट्रीय ड्रग विरोधी दिवस के अवसर पर 106वीं वाहिनी बटालियन द्रुत कार्य बल जमशेदपुर ने कैंप परिसर से सुंदरनगर चौक तक जागरुकता रैली निकाली। रैली का नेतृत्व द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार कर रहे थे। जागरुकता रैली का उद्देश्य नशे के खतरे के प्रति जागरुक करना और नशा ना करने हेतु लोगों को प्रेरित करना था। रैली में रैफ के अधिकारी समेत जवान शामिल थे।

Aaj (Lucknow,UP)

नशा विरोधी रैली निकालते केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी।

नशा विरोधी रैली निकाली गयी

लखनऊ, बुधवार। केन्द्रीय रिजर्व प्रुलिस ग्रुप केन्द्र बिजनौर लखनऊ 91 बटालियन द्रुत कार्य बल द्वारा आज अन्तर्राष्ट्रीय नशा विरोध दिवस के अवसर पर एक रैली का आयोजन किया गया जिसमें कमाण्डेंट श्री प्रताप सिंह व नारकोटिक्स विभाग के समेत कई अधिकारियों ने भाग लिया। यह रैली परिवर्तन चौक से गांधी प्रतिमा तक निकाली गयी। नशा विरोधी रैली के अवसर पर जोनल निदेशक दीपक रोहिल्ला ने कहा कि बल के जवानों के स्वस्थ जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि जवान नशा मुक्त रहे तभी जीवन सुखमय रहेगा। साथ ही नशे से बचाव के बारे में विस्तार पूर्वक बताया यह रैली परिवर्तन चौक से गांधी प्रतिमा तक निकाली गयी।

Dainik Jagran (Lucknow,UP)

रैली निकालकर दिया नशामुक्ति का संदेश

अंतरराष्ट्रीय नशा विरोध दिवस पर शहर भर में कई आयोजन

जागरण संवाददाता, लखनऊ : देश को नशामुक्त बनाने की मुहिम के तहत सीआरपीएफ जवानों ने बुधवार को अभियान चलाया। परिवर्तन चौक से हजरतगंज स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल तक रैली निकाली और लोगों को नशा से मुक्त होने की शपथ भी दिलायी।

अंतरराष्ट्रीय नशा विरोध दिवस के अवसर पर बिजनौर स्थित सीआरपीएफ के ग्रुप सेंटर में 91 बटालियन ने रैली का आयोजन किया। बटालियन के कमांडेंट श्री प्रताप सिंह और नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों के साथ सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी दीपक रोहिल्ला और उप कमांडेंट विजय कुमार साहू के नेतृत्व में जवान रैली में शामिल हुए। इस दौरान जवानों और अधिकारियों ने लोगों को नशामुक्त स्वस्थ्य जीवन के महत्व पर जानकारी दी।

समाज के लिए घातक है नशा: मद्य निषेध विभाग और सिद्धार्थ नशा मुक्ति केंद्र ठाकुरगंज की ओर से प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उप क्षेत्रीय मद्य निषेध अधिकारी राजनारायण ने मादक पदार्थों को समाज के लिए घातक बताया। उन्होंने इसके दुष्परिणाम और बचाव के तरीके के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में पार्षद गीता पांडेय भी मौजूद रहीं

स्वास्थ्य परिक्षण शिविर आयोजित: चिनहट स्थित प्रेरणा नशा उन्मूलन उपचार एवं पुनर्वास केंद्र की ओर से निश्शुल्क स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उप राज्य मद्य निषेध अधिकारी डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का उद्घाटन कर लोगों को नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक निर्मल कुमार वर्मा ने मौजूद रहे।

जागरूकता रैली निकालते सीआरपीएफ के जवान और अधिकारी

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने किया जागरूक

नशीले पदार्थ के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय नशा विरोध दिवस पर बुधवार को जागरूकता रैली निकाली गई। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने परिवर्तन चौराहे से जीपीओ तक हाथ में पोस्टर बैनर लेकर रैली निकाली। रैली को आइजी एटीएस अमिताभ यश ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में सरकारी व निजी संगठनों के लोगों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान सभी दफ्तरों में पर्चे बांटकर और स्लिप चिपका कर लोगों को नशे से दूर रहने की अपील की गई। बस, रेलवे स्टेशन और हवाई अड्डे पर भी अधिकारियों के सहयोग से लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में दिशा संस्था ने प्रतिभाग किया।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।